**अभ्यास प्रश्न पत्र - 2023**

**कक्षा- 10 वीं** **SET - B**

**विषय- सामाजिक विज्ञान**

**समय-3:00 घंटे** **पूर्णांक-75**

**निर्देश :-**

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न क्र. 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिसमें सही विकल्प 6 अंक, रिक्त स्थान 6 अंक, सही जोड़ी 6 अंक, सत्य/असत्य 6 अंक एक शब्द / वाक्य में उत्तर 6 अंक, के प्रश्न होंगे।

(iii) प्रश्न क्र. 6 से 23 तक के सभी प्रश्नों के आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।

(iv) प्रश्न क्र. 6 से 17 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 02 अंक आंवटित हैं। शब्द सीमा 30 शब्द हैं ।

(v) प्रश्न क्र. 18 से 20 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 03अंक आंवटित हैं। शब्द सीमा 75 शब्द हैं ।

(vi) प्रश्न क्र. 21 से 23 तक विश्लेष्णात्मक प्रश्न हैं। प्रश्न के लिए 04 अंक आंवटित हैं। शब्द सीमा 120 शब्द हैं ।

(vii) प्रश्न क्र. 23 भारत के मानचित्र पर आधारित प्रश्न हैं प्रश्न के लिए 04 अंक आंवटित हैं।

(viii) प्रश्न क्र. 23 को भारत के मानचित्र में दर्शाकर उत्तर पुस्तिका में संग्लग्न कीजिए ।

**1 सही विकल्प का चयन कर लिखिए-** (1 x 6 =6 )

(i) बांधों को आधुनिक भारत का मंदिर किसने कहा -

(अ) महात्मा गांधी (ब) डॉ. भीमराव अंबेडकर

(स) पंडित जवाहरलाल नेहरू (द) डॉ. राधाकृष्णन

(ii) निम्नलिखित में से कौन-सी रबी की फसल हैं –

(अ) चावल (ब) मक्का

(स) सोयाबीन (द) गेहूं

(iii) कच्चे माल के आधार पर उद्योग कितने प्रकार के होते हैं –

(अ) दो प्रकार (ब) तीन प्रकार

(स) चार प्रकार (द) पांच प्रकार

(iv) साइमन कमीशन भारत कब आया था -

(अ) सन 1925 (ब) सन 1926

(स) सन 1928 (द) सन 1927

(v) यूरोपीय संघ का मुख्यालय कहां स्थित हैं–

(अ) भारत (ब) पाकिस्तान

(स) जापान (द) बेल्जियम

(vi) भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना कब हुई थी –

(अ) सन 1934 (ब) सन 1935

(स) सन 1948 (द) सन 1951

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –** **(1 x 6 = 6)**

(i) भारतीय वन्यजीव अधिनियम...................... में लागू किया गया।

(ii) भारतीय रेल परिवहन को.................... रेल प्रखंडों में संकलित किया गया हैं ।

(iii) कोलकाता में देश की पहली जूट मिल लगाने वाला..................... वाले थे।

(iv) .....................दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश हैं ।

(v) आर्थिक विकास से जनता के...................... स्तर में वृद्धि होती हैं ।

(vi) मधुमक्खी पालन...................................... क्षेत्र में आता हैं।

**3 . सही जोड़ियाँ बनाइये –** **(1 x 6 = 6)**

| 'A' | 'B' |
|---|---|
| (i) श्रीलंका गृह युद्ध का अंत | (अ) मैक्सिको सिटी |
| (ii) भारत छोड़ो आंदोलन | (ब) लोकतांत्रिक सरकार |
| (iii) भारत में वयस्क मताधिकार की उम्र | (स) सरकार के स्वामित्व वाले क्षेत्र |
| (iv) ओलंपिक गेम | (द) 18 वर्ष |
| (v) भारत में है | (ई) 1942 |
| (vi) सार्वजनिक क्षेत्र | (र) 2009 |

**4 . एक शब्द / एक वाक्य में उत्तर लिखिए –** **(1 x 6 = 6)**

(i) बॉक्साइट किस उद्योग के लिए कच्चा माल प्रयुक्त होता हैं ?

(ii) राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण व रखरखाव किस विभाग के अधिकार क्षेत्र में आता हैं ?

(iii) आई एम. एफ. का पूरा नाम लिखिए।

(iv) औद्योगिक क्रांति सर्वप्रथम कहां प्रारंभ हुई थी ?

(v) वंदेमातरम् गीत के रचियता कोन थे ?

(vi) बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा किए गए निवेश को कहा जाता हैं ?

**5 . सत्य / असत्य लिखिए –** **(1 x 6 = 6)**

(i) कांडला बंदरगाह एक ज्वारीय पत्तन हैं।

(ii) बिना किसी पारिश्रमिक के काम करवाना कहलाता हैं ?

(iii) रेंडर पैक्ट नामक पशु रोग अमेरिका में फैला था।

(iv) सन 1804 की नागरिक संहिता को आमतौर पर हिटलर की संहिता के नाम से जाना जाता हैं।

(v) लोकतंत्र की सफलता में अशिक्षा बाधक नहीं हैं।

(vi) प्रति व्यक्ति आय की गणना सभी देशों के लिए डॉलर में की जाती हैं।

**6 .** जैव और अजैव संसाधन किसे कहते हैं ? **02**

अथवा

सतत पोषणीय विकास से क्या आशय हैं ?

**7** मृदा अपरदन किसे कहते हैं ? **02**

अथवा

भूमि निम्नीकरण की समस्या को दूर करने के कोई दो उपाय लिखिए।

8 भारत की मुख्य खाद्य फसल का नाम लिखते हुए उसके उत्पादन क्षेत्र को लिखिए। 02

अथवा

गहन जीविका कृषि से क्या तात्पर्य हैं ?

9 आधारभूत उद्योग क्या है ? उदाहरण देकर समझाइए। 02

अथवा

राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में उधोगों के कोई दो योगदान लिखिए।

10 डिजिटल भारत क्या है? समझाइए। 02

अथवा

सड़क परिवहन के कोई दो महत्व लिखिए।

11 राजमार्ग से क्या आशय हैं ? 02

अथवा

स्वर्णिम चतुर्भुज महा राजमार्ग किसे कहते हैं ?

12 आयात शुल्क किसे कहते हैं ? 02

अथवा

गिरमिटिया मजदूर किसे कहते हैं ?

13 जावर कौन थे ? 02

अथवा

ई. टी. पॉल कौन था ?

14 पंचांग किसे कहते हैं ? 02

अथवा

पांडुलिपिया क्या थी ?

15 चैप बुक से क्या आशय हैं ? 02

अथवा

निरंकुशवाद से क्या आशय हैं ?

16 सेवा क्षेत्र को उदहारण सहित समझाइए। 02

अथवा

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम क्या हैं ?

17 व्यापार अवरोधक क्या होते हैं ? समझाइए। 02

अथवा

बहुराष्ट्रीय कम्पनियों से आप क्या समझते हैं ?

18 जैव विविधता क्या है यह मानव जीवन के लिए क्यों महत्वपूर्ण है? समझाइए। 03

अथवा

भारत में वनों को कितने वर्गों में बांटा गया हैं ? समझाइए।

19 संघीय शासन व्यवस्था क्या हैं ? समझाइए। 03

अथवा

केंद्र और राज्यों में सत्ता का विभाजन कैसे हुआ ? समझाइए।

20 स्व सहायता समूह किन चीजों के लिए ऋण देता हैं ? 03

अथवा

औपचारिक एवं अनौपचारिक क्षेत्र के ऋण में कोई तीन अंतर लिखिए।

21 असहयोग आंदोलन के कोई चार कारणों को समझाइए। 04

अथवा

जलियांवाला बाग हत्याकांड क्या था ? समझाइए।

22 राजनीतिक दलो के कोई चार कार्यों का वर्णन कीजिए। 04

अथवा

राजनीतिक दलों के सामने आने वाली कोई चार चुनोतियों को वर्णन कीजिये।

23 भारत के मानचित्र पर निम्नलिखित लोह अस्यक केन्द्रों को दर्शाइये- 04

(i) गुआ (ii) कुद्रेमुख

(ii) बेलाडिला (iv) मयुरभंज

अथवा

भारत के मानचित्र पर निम्नलिखित परमाणु सयंत्रों के स्थानों को दर्शाइये-

(i) काकरापारा परमाणु सयंत्र (ii) रावतभाटा परमाणु सयंत्र

(iii) कलपक्कम परमाणु सयंत्र (iv) नरोरा परमाणु सयंत्र

प्रश्न क्रमांक 23  के लिए भारत का मानचित्र

